## राजभर समाज सेवा संघ द्वारा सुहेलदेव जयंती समारोह का भव्य आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** राजभर समाज सेवा संघ (महाराष्ट्र) भर सम्राट महाराजा सुहेलदेव जी की जयंती १ फरवरी दिन रविवार को राजभर भवन निर्माण स्थल, राजभर नगर,बासमारे बृज , मुंबई गुजरात हाइवे, झंडा कम्पनी के पीछे, बाफाने, नायगांव ( पूर्व) में आयोजित किया गया है। राजभर समाज से अपील की गई है कि भारी से भारी संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को यादगार बनाएं। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संघ के संस्थापक अध्यक्ष लालमनी राजभर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

## मीरा भायंदर शहर के राजनैतिक धुरंधर को बधाई



**तारकेश्वर पांडे/मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** हाल ही में संपन्न हुए महानगर पालिका के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिरा भायंदर में अप्रत्यषित जीत दिलाने वाले शहर के लोकप्रिय, कार्य सम्राट विधायक नरेंद्र मेहता की छवि एक राजनैतिक धुरंधर के रूप में उभर कर सामने आई है। जीत की सुनामी का श्रेय उनकी रणनीति, कार्य कुशलता, अथक परिश्रम एवं सभी कार्यकताओं पर विश्वास एवं मेहनत का प्रतिफल है। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने सभी नवनिर्वाचित नगर सेवकों को बधाई देते हुए, कार्य सम्राट धुरंधर राजनेता आमदार नरेंद्र मेहता को पुष्प गुक्ष दे कर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित किया।

## नगरसेविका यशोदा अनिल ताटे के निर्वाचित होने पर पत्रकार तारकेश्वर पांडे ने किया स्वागत



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर शहर महानगर पालिका के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रीमती यशोदा अनिल ताटे की काशीमीरा प्रभाग क्रमांक 14 से निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कुशल कार्य व उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## दीपक रावरे के चयन से खो-खो को मिला नया सम्मान

**पालघर(उत्तरशक्ति /अजीत सिंह)।** जिले के खेल इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। पारंपरिक मिट्टी के खेल के रूप में पहचाने जाने वाले खो-खो को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाले दीपक रावरे को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पालघर जिला खो-खो एसोसिएशन के सह-कार्यवाह (जॉइंट सेक्रेटरी), पंच प्रमुख तथा राष्ट्रीय खो-खो पंच के रूप में सेवाएं दे रहे दीपक रावरे का चयन राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता (किशोर-किशोरी वर्ग) के लिए महाराष्ट्र किशोर संघ के व्यवस्थापक (मैनेजर) पद पर किया गया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 21 जनवरी 2026 के दौरान बीकानेर (राजस्थान) में आयोजित की गई थी, जिसमें महाराष्ट्र टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय पंच के रूप में दीपक रावरे ने अपनी निष्पक्ष निर्णय क्षमता, नियमों की सटीक अमलवाणी तथा खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई है। वे चयन समिति के सदस्य के रूप में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय प्रक्रियाओं में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। दीपक रावरे का नाम आज पालघर जिले के हर खेल मैदान, हर प्रतियोगिता और हर खिलाड़ी से जुड़ा हुआ है। बीते कई वर्षों में व्यक्तिगत चुनौतियों के बावजूद उन्होंने खो-खो खेल के विकास हेतु स्वयं को पूर्णतः समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन में जिले में अनेक प्रशिक्षित पंच तैयार हुए हैं, जो आज जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 1992 से निरंतर सक्रिय दीपक रावरे के नेतृत्व में संबंधित खेल संगठनों ने पालघर जिले में खो-खो संस्कृति को मजबूती प्रदान की है। खेल के साथ-साथ शिक्षा के संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सी.टी.ई.एस. विद्यालय की मुख्याध्यापिका रोहिणी नाईक, एम.डी.एम. विभाग, विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीवर्ग तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग और प्रोत्साहन से खेल एवं शिक्षा का आदर्श समन्वय साधा गया। राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता हेतु महाराष्ट्र किशोर संघ के व्यवस्थापक पद पर दीपक रावरे का चयन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पालघर जिले की खेल संस्कृति, समर्पण और निरंतर परिश्रम को मिली राष्ट्रीय मान्यता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर दीपक रावरे को पालघर जिले सहित राज्य एवं देशभर से बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## डॉक्टरों के अनुसारः स्टेरॉयड के अत्यधिक उपयोग से बढ़ रहा है सेकेंडरी ग्लूकोमा

**मुंबई।** देशभर के डॉक्टरों ने स्टेरॉयड के बड़े पैमाने पर और बिना डॉक्टरी सलाह के उपयोग पर चिंता जताई है। डॉक्टर के अनुसार, इसकी वजह से सेकेंडरी ग्लूकोमा के मामले बढ़ रहे हैं, जो आँखों के लिए खतरा बन गया है और आँखों की रोशनी हमेशा के लिए छीन सकता है। लोग आमतौर पर एलर्जी, त्वचा की समस्याओं, सांस से जुड़ी परेशानी और यहां तक कि डॉक्टरी सलाह के बगैर मिलने वाले आई ड्रॉप्स के जरिए स्टेरॉयड का इस्तेमाल करते हैं, और इसके लंबे समय तक उपयोग से आँखों पर दबाव काफी बढ़ सकता है। आमतौर पर मरीजों को इसकी वजह से ऑप्टिक नर्व को होने वाले नुकसान के बारे में पता भी नहीं चलता।

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में पहले से ही ग्लूकोमा से पीड़ित लोगों की संख्या 12-13 मिलियन है, जो दुनिया भर के कुल मामलों का लगभग छठा हिस्सा है। दुनिया भर में करीब 75-80 मिलियन लोग ग्लूकोमा से जूझ रहे हैं, और अनुमान है कि साल 2040 तक यह आंकड़ा 110 मिलियन के पार पहुँच जाएगा। ग्लूकोमा पूरी दुनिया में ठीक नहीं होने वाली दृष्टिहीनता का सबसे बड़ा कारण है, इसके बावजूद भारत में सही समय पर लोगों को इसका पता नहीं चल पाता।

# वसई विधायक स्नेहा ताई दुबे पंडित के द्वारा विकास कार्यों का भूमिपूजन

**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** वसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनाळा किला यात्री जेट्टी परिसर में स्थानीय नागरिकों की दीर्घकालीन मांग को ध्यान में रखते हुए आज रविवार, दिनांक 25 जनवरी 2026 को महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्यों का भूमिपूजन वसई विधानसभा की लोकप्रिय, अध्ययनशील एवं विकासोन्मुख विधायक श्रीमती स्नेहा ताई दुबे पंडित के शुभ करकमलों से बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया–

अनाळा किला यात्री जेट्टी से श्री कालिका माता मंदिर पोचरास्ता एवं संबद्ध सड़कों का सुदृढ़ीकरण।

अनाळा किला यात्री जेट्टी से परशुराम म्हात्रे पोचरास्ता का कंक्रीटीकरण।

इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से अनाळा परिसर के स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, श्रद्धालुओं तथा हर वर्ष बड़ी संख्या में अनाळा किले का भ्रमण करने वाले पर्यटकों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं कंक्रीटीकरण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित एवं टिकाऊ बनेगी। साथ ही बरसात के मौसम में कीचड़, धूल एवं गड्ढों जैसी समस्याओं से नागरिकों को स्थायी निजात मिलेगी। पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण अनाळा किले के समग्र विकास को भी इससे नई गति प्राप्त होगी।



इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड के डिप्टी इंजीनियर श्री सुनील भांगरे, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री पाटोळे, पोर्ट इंस्पेक्टर श्री नवनीत निजाई, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अनाळा ग्राम पंचायत सदस्य श्री महेंद्र पाटील, श्री विजय मेहेर, श्री अजय मेहेर, जिला उपाध्यक्ष श्री कपिल म्हात्रे, श्री मयूर नाईक, श्री भूपेश राऊत, श्री देवदत्त मेहेर, श्री रुशल म्हात्रे, श्री अनिल राऊत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती स्नेहा ताई दुबे पंडित ने कहा,वसई विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और प्रत्येक बस्ती का सर्वांगीण विकास ही मेरा लक्ष्य है। अनाळा क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस भव्य भूमिपूजन समारोह से अनाळा क्षेत्र की विकास प्रक्रिया को और अधिक गति मिली है, जिससे स्थानीय नागरिकों में संतोष और खुशी का माहौल देखा गया।

## पूर्वांचल की बेटी मनीषा यादव ने बढ़ाया समाज का गौरव : डॉ द्रिगेश यादव



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पूर्वांचल के विकास और अधिकारों के लिए पिछले अनेक वर्षों से जनता की आवाज बन चुकी संस्था पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा कांदिवली वार्ड क्रमांक 31 के पूर्व लोकप्रिय नगरसेवक कमलेश यादव की बेटी तथा नवनिर्वाचित नगरसेविका मनीष यादव का उनके निवास पर सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ द्रिगेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि एक बेटी ने अपने पिता के राजनीतिक विरासत को अपनी विजय के माध्यम से आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसी बेटियों पर गर्व है। मनीषा की विजय से समाज को प्रेरणा मिली है। देश की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विजय का परचम लहरा रही है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में समाजसेवी मानिकचंद यादव, उद्योगपति डॉ रामचंद्र यादव, झुल्लूर यादव, सुभाष यादव, बृजेश यादव के अलावा परिवार के सदस्य राजेश यादव, पंकज यादव समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# तारपा की संस्कृति से संजोई गई परंपरा, पालघर को मिला गौरव

### वरिष्ठ आदिवासी तारपावादक भिकल्या धिंडा को पद्म पुरस्कार, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अपनी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखना ही मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है। तारपा के नाद से मैंने देवों की आराधना की, उसी का फल है यह सम्मान ह्व इन भावुक शब्दों में पालघर जिले के वालवंडा गांव के वरिष्ठ आदिवासी तारपावादक भिकल्या धिंडा ने अपने जीवन की साधना को व्यक्त किया। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा के बाद पूरे पालघर जिले में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

92 वर्षीय भिकल्या धिंडा पिछले 82 वर्षों से तारपा वादन कर रहे हैं। मात्र 10 वर्ष की उम्र से उन्होंने इस लोककला को अपनाया। तारपा वादन की यह परंपरा उनके परिवार में करीब 400 वर्षों से पीढ़ी



दर पीढ़ी चली आ रही है। आदिवासी संस्कृति का प्रतीक माने जाने वाले तारपा वाद्य को उन्होंने न केवल जीवित रखा, बल्कि अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया। देव पूजा, पर्व-त्योहार, उत्सव और सामाजिक आयोजनों में तारपा की गूंज से उन्होंने आदिवासी जीवनशैली और संस्कृति का जीवंत दर्शन कराया। उत्कृष्ट तारपावादक के रूप में उनकी ख्याति राज्य ही नहीं, बल्कि देशभर में फैली है। लगभग दस फीट लंबे तारपा वाद्य को बजाना उनकी विशेष पहचान मानी जाती है। भिकल्या धिंडा ने अपने पिता से प्राप्त इस कला को न सिर्फ वादन, बल्कि तारपा निर्माण के माध्यम से भी आगे बढ़ाया। वे स्वयं तारपा बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। साथ ही अनेक युवाओं को तारपावादन का प्रशिक्षण देकर इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया है। पद्म पुरस्कार की घोषणा के बाद जिलाधिकारी डॉ. इंदु राणी जाखड ने भिकल्या धिंडा से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए भिकल्या धिंडा ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है। यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे पालघर जिले के लिए गौरव का क्षण है। आदिवासी लोककला के इस जीवंत प्रतीक को मिले राष्ट्रीय सम्मान से आदिवासी समाज में उत्साह की लहर है। जिलाधिकारी डॉ. इंदुरानी जाखड ने कहा कि भिकल्या धिंडा के योगदान से तारपा वाद्य और आदिवासी संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

## भिवंडी के प्रख्यात शिक्षाविद जियाउर रहमान अंसारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** वोग थिएटर और भारती विद्या भवन कला केंद्र मुंबई के तत्वावधान में भारती विद्या भवन कला केंद्र मुंबई के ऑडिटोरियम में दरयाफ्त नाम से एक दिवसीय ड्रामा फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य एवं सेवाएं प्रदान करने वाले महानुभाओं को सम्मानित किया गया। उक्त समारोह में प्रख्यात शिक्षाविद रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी को समारोह के अध्यक्ष डा. शेख अब्दुल्ला (उपाध्यक्ष, अंजुमन-ए-इस्लाम, मुंबई)और अतिथिगण की उपस्थिति में उनकी शैक्षिक, साहित्यिक,



प्रशासनिक, सामाजिक एवं कल्याणकारी सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अल्माज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के चेयरमैन यासर तातली, उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मद्दू, सुपरवाइजर्स असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर, मुजदान मुल्ला, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## बोईसर में विभागीय दिवस का उत्साहपूर्वक शुभारंभ

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र शासन के गृह विभाग (विशेष) के उपनियंत्रक, पालघर जिला कार्यालय के अंतर्गत बोईसर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार, 24 जनवरी 2025 को बोईसर स्थित चिराग विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल में विभागीय दिवस (डिविजनल डे) कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया।



यह कार्यक्रम नागरी संरक्षण दल पालघर उपनियंत्रक के. आर. कुरकुटे के मार्गदर्शन में तथा विभागीय क्षेत्ररक्षक नरेश अनंत म्हस्के के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिराग विद्यालय की ट्रस्टी संगीता नरेश पाटील की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विभागीय दिवस उपक्रम प्रत्येक शनिवार को दो घंटे की अवधि में नियमित रूप से आयोजित किया जायेगा। इसके माध्यम से नागरिकों को युद्धजन्य परिस्थितियों, मानव निर्मित आपदाओं तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने के उपायों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा के समय अपनाये जाने वाले महत्वपूर्ण विषयों जैसे -प्राथमिक उपचार, बैंडेज बांधने की विधि, स्ट्रेचर का उपयोग, नागरी संरक्षण का महत्व एवं कार्यप्रणाली, आग एवं आग के प्रकार, ब्लैकआउट (प्रकाशबंदी), विमोचन पद्धतियाँ आदि पर व्याख्यानों के साथ-साथ प्रात्यक्षिक एवं अभ्यास सत्र भी आयोजित किये जायेंगे। इस उपक्रम से नागरिकों में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित होने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विभागीय क्षेत्ररक्षक तलासरी रोहित जाधव, आईसीओ सुषमा जाधव, माजी मानसेवी अधिकारी लोचन तामोरे, देविदास भोये, दिलेश पाटील सहित मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

## धर्मराजा सेवा संस्था के संस्थापक भाजपा नेता नगरसेवक निलेश चौधरी का हर्षोल्लाश से मनाया गया जन्मदिन

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका में लगातार 5वीं बार नगरसेवक चुनकर आये धर्मराजा सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष निलेश चौधरी का जन्मदिन उनके समर्थकों ने बड़े ही धूमधाम से ताडाली-अंजूरफाटा रोड स्थित एरीना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के एरीना पार्टी हाल में बडे हर्षोल्लाश से मनाया। बतादें कि निलेश चौधरी मनपा में जन प्रतिनिधित्व के साथ धर्मराजा समाजसेवा के माध्यम से जनहित में अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा क्षेत्र के जनमानस में अपनी एक अलग पहचान बनाई है जिससे उनके समर्थकों ने बडे उत्साह के साथ बधाई देने पहुँचे।



हाल में हुये मनपा चुनाव में उनकी जीत पर बधाई देने का सिलसिला 16 जनवरी से शुरू हुआ और जन्मदिन खास हो गया जहां पर हजारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में शुभकामनाएं देने हेतु पूरे भिवंडी शहर से आम नागरिकों के साथ मुख्य अतिथियों में भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश महात्रे उर्फ बाल्या मामा, भिवंडी पूर्व विधानसभा के विधायक महेश चौगुले, नगरसेवक सुमित पाटिल, नारायण चौधरी, हनुमान चौधरी, राजेश चौधरी, साईनाथ भाऊ पवार, विराज पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रविकांत सावंत, समाजसेवक विठोबा (बिल्ला) नाईक, नगरसेवक यशवंत टावरे, श्याम भोईर, पप्पू खंडागले, हर्षल पाटिल, सुमित म्हात्रे सहित कई लोग उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन धर्मराजा सेवा संस्था के पदाधिकारी व निलेश चौधरी के समर्थकों द्वारा आयोजित किया गया था।

## तारपा की संस्कृति से संजोई गई परंपरा, पालघर को मिला गौरव

◆ वरिष्ठ आदिवासी तारपावादक भिकल्या धिंडा को पद्म पुरस्कार, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अपनी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखना ही मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है। तारपा के नाद से मैंने देवों की आराधना की, उसी का फल है यह सम्मान ह्व इन भावुक शब्दों में पालघर जिले के वालवंडा गांव के वरिष्ठ आदिवासी तारपावादक भिकल्या धिंडा ने अपने जीवन की साधना को व्यक्त किया। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा के बाद पूरे पालघर जिले में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

92 वर्षीय भिकल्या धिंडा पिछले 82 वर्षों से तारपा वादन कर रहे हैं। मात्र 10 वर्ष की उम्र से उन्होंने इस लोककला को अपनाया। तारपा वादन की यह परंपरा उनके परिवार में करीब 400 वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आदिवासी संस्कृति का प्रतीक माने जाने वाले तारपा वाद्य को उन्होंने न केवल जीवित रखा, बल्कि अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया। देव पूजा, पर्व-त्योहार, उत्सव और सामाजिक आयोजनों में तारपा की गूंज से उन्होंने आदिवासी जीवनशैली और संस्कृति का जीवंत दर्शन कराया। उत्कृष्ट तारपावादक के रूप में उनकी ख्याति राज्य ही नहीं, बल्कि देशभर में फैली है।



लगभग दस फीट लंबे तारपा वाद्य को बजाना उनकी विशेष पहचान मानी जाती है। भिकल्या धिंडा ने अपने पिता से प्राप्त इस कला को न सिर्फ वादन, बल्कि तारपा निर्माण के माध्यम से भी आगे बढ़ाया। वे स्वयं तारपा बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। साथ ही अनेक युवाओं को तारपावादन का प्रशिक्षण देकर इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया है।

पद्म पुरस्कार की घोषणा के बाद जिलाधिकारी डॉ. इंदु राणी जाखड ने भिकल्या धिंडा से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए भिकल्या धिंडा ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है। यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे पालघर जिले के लिए गौरव का क्षण है। आदिवासी लोककला के इस जीवंत प्रतीक को मिले राष्ट्रीय सम्मान से आदिवासी समाज में उत्साह की लहर है। जिलाधिकारी डॉ. इंदुरानी जाखड ने कहा कि भिकल्या धिंडा के योगदान से तारपा वाद्य और आदिवासी संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

## प्रतियोगी रविंदर के साथ अक्षय कुमार की प्रफुल्लित करने वाली नोकझोंक ने व्हील ऑफ फॉर्च्यून पर शो चुरा लिया

**मुंबई/पटना।** व्हील ऑफ फॉर्च्यून में हंसी सेंटर स्टेज पर है क्योंकि अक्षय कुमार और स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रतियोगी रविंदर, प्रफुल्लित करने वाला स्टैंड-अप स्टाइल में बातचीत करते हैं, जिससे एपिसोड नॉन-स्टॉप मनोरंजन में बदल जाता है। इस मजाकिया बातचीत ने दर्शकों से लेकर साथी प्रतियोगियों तक सभी को जोर से हंसने पर मजबूर कर दिया, जिससे एक मनोरंजक एपिसोड के लिए एकदम सही माहौल तैयार हो गया।

अक्षय कुमार ने प्रतियोगी रविंदर के साथ एक मजेदार बातचीत शुरू करते हुए पूछा, रविंदर जी मैंने सुना है आप स्टैंड-अप कॉमेडी करते हैं, तो क्या आप इश्क-विश्क के ऊपर स्टैंड-अप कॉमेडी बनाते हैं अपने रविंदर जवाब देते हैं, ह्हां सर, पहले करता था, अब मैं अपनी दास्तान सुनाता हूं लोगों को, जिससे सभी हंस पड़े। प्रतिक्रिया देते हुए, अक्षय कहते हैं, दास्तान शब्द जो आपने इस्तेमाल किया है, वो ऐसा लगता है बहुत ही त्रासदी वाला है, सुनाइए फिर। रविंदर पूछते हुए शुरू करते हैं, शादी के पहले नहाने के लिए क्या चाहिए होता था, और आगे कहते हैं, लेकिन आपकी शादी होने के बाद आपने देखा है, आपकी बीवी पूरी जिंदगी बदल देती है।

मैं शर्त लगा के बता सकता हूं, आपका बाथरूम भी बाथरूम कम और कॉस्मेटिक की दुकान ज्यादा लगता होगा, सर।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
# उत्तरशक्ति
हिन्दी दैनिक
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 193
सोमवार, 26 जनवरी 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-3
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com
हर खबर निष्पक्षता के साथ

## हैदराबाद में फर्नीचर की दुकान की इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**हैदराबाद, 25 जनवरी।** हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में स्थित फर्नीचर की दुकान की उस चार मंजिला इमारत से एक बुजुर्ग महिला और दो बच्चों सहित पांच लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जहां शनिवार को आग लग गई थी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसके बाद इमारत के बेसमेंट में फंसे पांच लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इमारत के बेसमेंट से रविवार को एक बुजुर्ग महिला और दो लड़कों समेत पांच व्यक्तियों के शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मौत दम



घुटने से होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगी। आग लगने के कारण के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दुकान के मालिक के खिलाफ एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

तेलंगाना अग्निशमन, आपदा मोचन, आपातकालीन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग महानिदेशक विक्रम सिंह मान ने रविवार को मीडिया को बताया कि इमारत के दो बेसमेंट में फर्नीचर, कच्चा माल, रसायन, प्लास्टिक, गद्दे और फोम जैसे सामान रखे गए थे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा, बेसमेंट में एक कमरे में एक सुरक्षा गार्ड और उसके परिवार को रहने की जगह दी गई थी।

उन्होंने यह भी कहा कि बेसमेंट केवल पार्किंग के लिए बने थे। शनिवार दोपहर आग लगने के बाद पुलिस, अग्निशमन विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और हैदराबाद आपदा मोचन एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (एचवाईडीआरएए) सहित कई एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया।

अधिकारियों ने बताया कि हालांकि आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन इमारत से उठ रहे घने धुएं के कारण अभियान में कठिनाई आ रही थी। अधिकारियों ने पहले बताया था कि बेसमेंट में जाने के लिए बने रैंप पर भी सामान रखा हुआ था, जिससे बचाव कर्मियों के लिए वहां पहुंचना मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि इमारत में फंसे व्यक्तियों में एक सुरक्षा गार्ड के परिवार के सदस्य और अन्य कर्मचारी शामिल थे।

परिवहन और हैदराबाद जिले के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने घटना पर दुख जताते हुए रविवार को कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों को मदद उपलब्ध कराएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को दुकान मालिक के खिलाफ अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने को लेकर आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

## प्रलोभन और पूर्वाग्रह से दूर रहें, मतदान करते समय विवेक का प्रयोग करें: राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, 25 जनवरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय लोग अपने विवेक के आधार पर और प्रलोभन, पूर्वाग्रह तथा गलत सूचनाओं से दूर रहकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिससे देश की चुनावी प्रणाली मजबूत होगी।

उन्होंने चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं की भी सराहना की। दिल्ली में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि मतदान का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी अनिवार्य है कि सभी नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए इसका इस्तेमाल करें।

निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को जब भारतीय संविधान को अपनाया तो इसके 16 अनुच्छेद तुरंत प्रभाव से लागू हो गए। इनमें से एक अनुच्छेद निर्वाचन आयोग के गठन से संबंधित था। भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग अस्तित्व में आया। संविधान का शेष भाग 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

## ओडिशा का एआई तकनीक के क्षेत्र में अग्रदूत बनने का लक्ष्य: मोहन चरण माझी

**ओडिशा, 25 जनवरी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शासन एवं सार्वजनिक सेवा वितरण में नए मानदंड स्थापित करने का अवसर प्रदान करने वाली प्रौद्योगिक बताते हुए कहा है कि ओडिशा को एक ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जिसमें राज्य सिर्फ प्रौद्योगिकी को अपनाने वाला न रहे, बल्कि उसका अग्रदूत बने।

माझी ने यह बात शनिवार को एक निजी एआई कंपनी के साथ बैठक में कही जिसमें राज्य में सुरक्षित, समावेशी और संप्रभु कृत्रिम मेधा परिवेश बनाने के प्रयासों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, चर्चा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक दीर्घकालिक



सार्वजनिक क्षमता के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और संप्रभु बुनियादी ढांचे एवं राज्य के भीतर टिकाऊ संस्थागत क्षमता पर जोर दिया गया।

बैठक में माझी के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मुकेश महालिंग, मुख्य सचिव अनु गर्ग और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान ओडिशा सरकार ने साझा, संप्रभु कृत्रिम मेधा बुनियादी ढांचा विकसित करने का अपना दृष्टिकोण रखा।

माझी ने एआई को शासन एवं सार्वजनिक सेवा वितरण में नए मानदंड स्थापित करने का अवसर प्रदान करने वाली प्रौद्योगिक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा को एक ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जिसमें राज्य सिर्फ एआई को अपनाने वाला न रहे, बल्कि उसका अग्रदूत बने। बयान के मुताबिक, पांच-छह फरवरी को भुवनेश्वर में होने वाले ब्लैक स्वान शिखर सम्मेलन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

## पंजाबियों के खून में बसी है बलिदान की भावना: भगवंत मान

**पंजाब, 25 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि त्याग और बलिदान की भावना पंजाबियों के खून में बसी है तथा वे देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, चाहे वे कहीं भी जाएं। मान ने महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित हिंद दी चादर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो-दिवसीय शहीदी समागम कार्यक्रम में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

मान ने कहा, पंजाबियों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने में हमेशा तत्परता दिखाई है। जब दुश्मन की तरफ से गोली आती है, तो वे सबसे पहले उसका सामना करते हैं,



चाहे कारगिल हो, जैसलमेर हो, गंगानगर हो या बीकानेर। यह भावना हमें हमारे गुरुओं से मिली है और त्याग की भावना हमारे खून में बसी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को प्राकृतिक आपदा आने पर मदद के लिए आगे आने के वास्ते भी जाना जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा, चाहे तुर्की में भूकंप हो या श्रीलंका में बाढ़, रेड क्रॉस या बचाव दल बाद में पहुंचते हैं, लेकिन पंजाबी सबसे पहले अपने लंगर (सामुदायिक रसोई) शुरू कर देते हैं। आप दुनिया में कहीं भी जाएं, आपको सबसे पहले लंगर सेवा मिलेगी।

उन्होंने सिख गुरुओं द्वारा किए गए बलिदानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने का भी आह्वान किया। मान ने कहा, गुरु तेग बहादुर के प्राणों की आहुति के बाद, उनका पार्थिव शरीर लखी शाह बंजारा द्वारा ले जाया गया। मुगलों को इसका पता न चले, इसलिए बंजारा ने अपने ही घर में आग लगा दी और गुरु के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया। ये वे लोग हैं जिनके बारे में आने वाली पीढ़ियों को जानना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी धर्मनिरपेक्ष लोग हैं, जो हर समुदाय से प्यार करते हैं और पूरी दुनिया के कल्याण की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि नांदेड़ को पवित्र शहर का दर्जा दिया जाना चाहिए और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को सरकार के समक्ष यह मांग उठानी चाहिए। चव्हाण नांदेड़ से ही हैं।

## लोग वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य के रूप में बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि वायु प्रदूषण की वजह से लोगों को स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चे और बुजुर्ग भुगत रहे हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में लोगों से वायु प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। राहुल ने लिखा, हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं-अपने स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी और देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं।

उन्होंने कहा, बच्चे और बुजुर्ग इसकी वजह से सबसे ज्यादा पीड़ा सहते हैं। निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी कामगार, जैसे लोग इसकी सबसे बड़ी मार झेलते हैं। राहुल ने कहा कि इस समस्या को सर्दी खत्म होते ही भुला नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, बदलाव की पहली कड़ी है अपनी आवाज उठाना।

कांग्रेस नेता ने एक लिंक साझा किया और लोगों से इस पर यह बताने का आग्रह किया कि वायु प्रदूषण ने उन्हें या उनके प्रियजनों को कैसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, आपकी आवाज महत्वपूर्ण है और इसे बुलंद करना मेरी जिम्मेदारी है।

## सीबीआई जांच और फिल्म पर बैन, चौतरफा हमलों के बीच गरजे विजय, कहा- 'सरेंडर नहीं करूंगा

**तमिलनाडु , 25 जनवरी।** तमिल सुपरस्टार और 'तमिझागा वेत्री कड़गम' के अध्यक्ष विजय ने सीबीआई की पूछताछ और अपनी फिल्म पर रोक के बीच एक कड़ा संदेश दिया है। महाबलीपुरम में पार्टी के 3,000 पदाधिकारियों के साथ हुई एक बड़ी मीटिंग में उन्होंने साफ कहा कि वे किसी भी दबाव में नहीं झुकेंगे। उन्होंने आने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक युद्ध करार दिया और अपने कार्यकताओं को इस युद्ध का कमांडो बताया।

विजय ने सत्ताधारी डीएमके और विपक्षी एआईएडीएमके पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति करने वाले लोग सी.एन. अन्नादुरई के विचारों को भूल गए हैं, यहां तक कि वे भी




जिनकी पार्टी के नाम में 'अन्ना' जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टियों के लिए पोलिंग बूथ केवल 'फर्जी वोट सेंटर' बन कर रह गए हैं। विजय ने अपने समर्थकों से हर एक वोट की रक्षा करने और जनता के बीच जाने का आह्वान किया। टीवीके नेताओं ने घोषणा की है कि पार्टी कल से तमिलनाडु के सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा कैंपेन टूर शुरू करने जा रही है। इसका मकसद चुनावों से पहले जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाना है। गठबंधन के सवाल पर पार्टी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अन्य दल के साथ हाथ मिलाने का अंतिम फैसला केवल विजय ही लेंगे। 51 वर्षीय विजय पिछले कुछ समय से मुश्किलों में घिरे हैं। पिछले साल करूर में उनकी एक रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई थी, जिसकी जांच अब सीबीआई कर रही है। इस मामले में दिल्ली में उनसे दो बार पूछताछ भी हो चुकी है। इसके अलावा, उनकी नई फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पर सेंसर बोर्ड ने रोक लगा दी है, जिसे हरी झंडी दिलाने के लिए उन्होंने अब अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## कुशीनगर में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, जांच जारी

